हरियाणा में जाति के अधार पर भी पगडियों के अलग–अलग रंग–रूप तथा आकार देखने को मिलते हैं। हिन्दू पगड़ी, मुस्लिम पगड़ी, सिख पगड़ी, आर्य समाजी पगड़ी, ब्रज पगड़ी, अहीरवाली पगड़ी, मेव व मेवाती पगड़ी, खद्दरी पगड़ी, विश्नोई पगड़ी, मारवाड़ी पगड़ी, रोड़ पगड़ी, बाणियां, सुनारी पगड़ी, राव पगड़ी, पाक्स्तिानी पगड़ी, मुल्तानी पगड़ी, पेचदार पगड़ी, तुर्रेदार पगड़ी व विवाह पगड़ी आदि का प्रचलन रहा है। लोकजीवन में भागलपुरी साफे का प्रचलन इसका प्रमाण है। हरियाणा में पिता की मृत्यु के पश्चात् बड़े बेटे को पाग या पगड़ी की रस्म भी अदा की जाती है। हरिणाणा के ब्रज भाग में रंग–बिरंगी पीली तथा नारंगी पगड़ियों का प्रचलन अधिक रहा है। अहीरवाल में गहरे लाल रंग, चुंदड़ी तथा छींटदार पगड़ियां अधिक पहनी जाती है। बांगड़ क्षेत्रा के लोग सफेद तथा गहरे रंग की पगड़ियां पहनते है। हरियाणा में रंग–बिरंगी पगड़ियों की विविधता ब्रज तथा अहीरवाल क्षेत्र में ही देखने को मिलती है।

हरियाणा लोकजीवन में परिवार के मुखिया द्वारा पगड़ी पहनने की परम्परा रही है। यहां पर ब्याह–शादी तथा अन्य अवसरों पर रूठों को मनाने के लिए पगड़ी उतारकर अंतिम प्रयास के रूप में मनाने की परम्परा अब भी कहीं–न–कहीं दिखाई पड़ती है। हरियाणा में अनेक स्थानों पर सुआ रंग की पगड़ी को लेकर गांव बापोड़ा जो जिला भिवानी में पड़ता है, के लोगों को मुस्लिम शासकों ने हरा दिया था, जिसकी बदौलत उन्होंनें धनाणा गांव पर चढ़ाई की थी उसी समय से आज तक हरियाणा में पगड़ी को लेकर यह कहावत प्रचलित है–

ckikMk er tkf.k;]] ; xke /kuk.kk]
djMh Vked cktrk] ; tk.k lkjk gj;k.kk]
lpb ck/k ixMh] tk jktifr ck.kkA

(यहां पर सूचई बांधा पगड़ी से अभिप्राय–हरे रंग की सुआ पगड़ी से है।)

वर्तमान समय में हरियाणा में विवाह के अवसर पर लाल, गुलाबी, छींट तथा राजपूती पगड़ियों को बांधने की शुरूआत हो चुकी है। इसके अतिरिक्त अनेक राजनीतिक पार्टियों ने भी पगड़ी की परम्परा को अपनाकर इसे राजनीतिक रंग दे दिया है। हरियाणा में भरतपपुरी, जोधपुरी, भागलपुरी, जयपुरी, मारवाड़ी आदि पगड़ियों को बांधने की परम्परा भी रही है।

हरियाणवी लोकजीवन में पगड़ी की परम्परा इतनी रच–बस गई कि दैनिक जीवन में प्रयोग किए जाने वाले मुहावरों, लोकोतियों, उक्तियों, रागनियों, लोकगीतों आदि लोक साहित्यिक विधाओं में पगड़ियों से जुडते हुए अनेक उदारहए देखने को मिलते हैं– पगड़ी उछालणा, पगड़ी तारणा, पगड़ी की लाज राखणा, खण्डवा पायां मैं धरणा, तुर्रा छोड़णा, पगड़ी बांधना, पगड़ी बदल यार होणा, पगड़ी धरणा, पगड़ीधारी होणा, अहमद की पगड़ी, मुहम्मद के सिर, घी भी खाओ पगड़ी भी रखो, उनकी इज्जत भी के खाक, जिन्नैं पगड़ी दे परदेसी, पगड़ी संभाल जट्टा, सिर सलामत तो पगड़ी पचास, कह तै मोड्डा बांधे पगड़ी न तै रह्वै उघाड़े सिर आदि अनेक से मुहावरे एवं उक्तियां हैं। ऐसी जनोक्तियां एवं कहावतें प्रचलित हैं, जिनका सीधा सम्बंध पगड़ी से है। उदाहरण के लिए – हुक्के तै हुरमत गई, नेम गया सब छूट, पगड़ी बेच तम्बाकू लिया, गई हिय की फूट। सब्जरंग के सिर अलबेली का बेला है, पां तै ओ पाणी पीवै, उसका नाम पहेला है। धरती का मण्डल देवा, सिर का मण्डल सूत, घर का मण्डल स्त्री, कुल का मण्डल पूत आदि वे उदाहरण है जो लोक साहित्या में पगड़ी की परम्परा को दर्शाते हैं।

आज पाश्चात्य के बढ़ते प्रभाव से हमारी पारम्पारिक विरासत की प्रतीक पगड़ी का वजूद खतरे में है क्योंकि नई पीढ़ी पगड़ी बांधने की परम्परा नकार चुकी है। आज विवाह–शादी के अवसर पर महज़ पगड़ी की रस्म अदायगी रह गई है। आज तक हरियाणा की पगड़ी की डॉक्यूमेंटेशन (शोधकार्य) भी नहीं की गई है। यदि अनादिकाल से चली आ रही इस पगड़ी की परम्परा को संभालकर नहीं रखा गया, तो आने वाले दिनों में हरियाणवी पगड़ी का इतिहास ढूढ़ने से भी नहीं मिलेगा।

कृष्ण के एकमात्र किशोर सखा– सुदामा!

ujUn vkgtk food

सुदामा जब श्री कृष्ण से मिलने द्वारका पहुंचे, तो भगवान कृष्ण ने उनका भव्य स्वागत किया। अपने अश्रुओं से सुदामा के चरण पखारे।

रुक्मणी ने विभिन्न फलों के रसों से पूरित पात्रों को सुदामा के सम्मुख प्रस्तुत किया। सुदामा ने देखा कि विभिन्न रंगों का रस पात्रों में था। 'यह सब तुम्हारे लिए है सुदामा!' कृष्ण ने उठते हुए कहा। सेवक तुरंत उनके निकट एक चौकी ले आए। कृष्ण उस पर विराजे और उन्होंने रुक्मणी के द्वारा पकड़े थाल में से एक पात्र उठाया और उसे सुदामा के मुख के पास ले जाकर बोले, 'अपने हाथ से पिलाऊं या स्वयं ही पी लोगे?'

सुदामा कृष्ण के प्रेम के सागर में डूब चुके थे। उनकी वाणी उनका साथ नहीं दे रही थी। बुद्धि को तो जैसे काठ मार गया था। उन्होंने अपनी डबडबाई आंखों से अस्पष्ट दिखते उस पात्र को थाम लिया और उसे पी गए।

'यह हुई न बात! अब यह दूसरा– गेरुए रंगवाला।'

सुदामा मना करते रहे, किंतु कृष्ण कहां मानने वाले थे! सुदामा फलों के रस को अपने शरीर में उतरता अनुभव कर रहे थे। वह किस–किस मार्ग से उनके उदर तक की यात्रा कर रहा है और उनका उदर तुरंत उसको ऊर्जा में परिवर्तित कर विद्युत के समान उनके अंगों को पोषित कर रहा है।

'सुदामा जी का सामान कहां रखवाना है?' सत्यभामा ने पूछा।

'यह भी कोई पूछने की बात है?' कृष्ण बोले, 'मेरे कक्ष में।'

' कृष्ण, मैं अतिथि–गश्ह में ठहर जाऊंगा।' सुदामा का स्वर हड़बड़ाया हुआ था।

'तो मार्ग में किसी अतिथि–गश्ह का आश्रय न लेकर अविराम चलते क्यों आए? तुम मेरे साथ मेरे कक्ष में ठहरोगे। मेरे कक्ष में तुम्हें कुछ असुविध ा है क्या?' कृष्ण के स्वर में सोया बाल– कृष्ण पूरी तरह उठा चुका था।

'मुझे लगता है कि मैं यहां संकोच में तुमसे उन्मुक्त होकर वार्तालाप नहीं कर पाऊंगा। मैं यह अनुभव कर रहा हूं कि मैंने असमय आकर सबके विश्राम को बाधित किया। तुम्हारा इतना विशाल परिवार है, उसके दायित्व हैं। मैं अतिथि–गश्ह में रहूंगा तो तुम अपने राजकाज के समय में से कुछ समय निकालकर मुझसे चर्चा करने आ जाना।'

'ओह, अब समझा तुम्हारा संकोच। तो चलो, सबसे पहले तुम्हारा संकोच मिटाया जाए।' कृष्ण ने एक सेवक की ओर देखा। वह आज्ञा पाने के उद्देश्य से श्री कृष्ण के निकट आया और हाथ जोड़कर खड़ा हो गया। कृष्ण बोले– 'सुनो, महामंत्री से कह दो कि मैं अनिश्चित काल के लिए सुदामा के साथ हूं। एक प्रकार से मैं अवकाश पर हूं, पूर्ण अवकाश।' कृष्ण सुदामा की ओर मुड़े, 'मैं कब से विश्राम में जाने की सोच रहा था, परंतु कोई कारण हो तो जाऊं। ये सब मुझे घेरे रहते हैं। जो भी काम हो, मुझसे परामर्श लेते हैं। यह नहीं कि निर्णय लेने में आत्मनिर्भर हों। अब तुम्हारे आने से मेरे पास एक महान अवसर है– इन सभी को आत्मनिर्भर होने का प्रशिक्षण देने का और स्वयं भी विश्राम करने का।'

'मैं तीसरे दिन विदा हो जाऊंगा। तुम मेरे कारण अपने कार्य क्यों रोकते हो?' सुदामा को लगा कि वे कृष्ण के लिए कितनी बड़ी बाधा के रूप में उपस्थित हो गए हैं।

'अर्थात् तुम स्वयं को मेरे द्वारा सताए जाने की सभी बातों को प्रतिशोध जल्दी लौटकर लोगे। तुम नहीं चाहते कि राजकाज की मारा–मारी में फंसा तुम्हारा मित्र कुछ अधिक दिन विश्राम पा ले। जहां तक बात रही कार्यों की, तो कार्य कभी रुका नहीं करते। मैंने कर्मवीरों की सेना तैयार की है। यदि एक कर्मवीर किसी कारण से विश्राम में चला जाता है तो दूसरे पुरुषार्थी के पास वह कार्य स्वतः हस्तांतरित हो जाता है।' कृष्ण ने सेवक को विदा किया।

सुदामा कृष्ण के निश्छल मुख को निहारते रहे। कैसे सरल रूप से वह उनको छल रहा है! सुदामा को यह अपराध–बोध न हो कि उनहोंने असमय आकर अतिव्यस्त कृष्ण का समय नष्ट किया है, इसके लिए बात को इतने सुंदर रूप से कह रहा है कि सुदामा को लगे कि जैसे उन्होंने द्वारका आकर कृष्ण पर उपकार किया हो।व

'मैंने पता करवा लिया है, सुदामा जी मुक्तहस्त आए हैं।' सत्यभामा ने कृष्ण के निकट आकर कहा।

'एक बात बताओ, सुदामा! तुम इतने वर्षों बाद आए, मित्र के लिए कुछ लेकर तो आते। गुरुकुल में तो जब भी तुम वन में जाते थे, तब मेरे लिए कुछ–न–कुछ वन से लेकर आते थे। कभी बेर, कभी कंद–मूल, कभी रसभरी, कभी अमरक, कभी आँवला, कभी आम, कभी केला–और आज आए हो, हाथ हिलाते। कुछ तो कृष्ण किसी शोधकर्त्ता के समान सुदामा के कंधे पर लटकी पोटली की ओर देखने लगे– 'यह क्या है?'

सुदामा का ध्यान अपनी पोटली पर गया। वे पछताने लगे– 'टुकड़े–टुकड़े मोटा कच्चा चावल! क्या मैं इसे बाहर ही फेंककर नहीं आ सकता था? या मार्ग में पक्षियों को चुगा देता। अब कृष्ण इसे देखे बिना नहीं रहेगा। सबके सामने जब यह इस पोटली को खेलेगा तो पोटली के साथ मेरी दरिद्रता की गाँठ भी खुल जाएगी।' इससे पहले कि सुदामा कुछ कहते, श्री कृष्ण ने उनके कंधे से पोटली निकालकर खेल दी। सबसे निम्न श्रेणी के चावल सबके सामने थे।

'एक युग हो गया ऐसे चावल खाये।' कृष्ण ने एक मुट्ठी चावल उठाए, उन्हें सूँघा। उनके मुख का भाव बता रहा था कि जैसे उन्होंनें किसी सुगन्धित पुष्प को सूँघा हो। फिर उन्होंनें अपनी मुट्ठी का मुख खोला और थोड़े–से चावल अपनी बाईं हथेली पर डाले और उन्हें अपने मुख के सुपुर्द कर दिया। उन चावलों को चबाते हुए बोले, 'कठोर साधना करने वाले परिव्राजक इस प्रकार दैवी अन्न खाते हैं।''क्या आप जेठजी का और हमारा भाग भी स्वयं खा जाएँगे?' रूक्मणी बोली।

'ओह!' कृष्ण ने अपनी मुट्ठी पोटली पर खोल दी और बोले– 'दाऊ को ज्ञात हुआ कि मैंने अकेले ही सब चट कर डाला है तो वे उत्पात मचा देंगें। एक काम करो, अन्नकूट तैयार करो। उसमें ये चावल मिला देना। पूरा परिवार इस प्रसाद को पाए। अब हम मित्रों को एकांत में छोड़ दो। हम नियत समय पर अन्नक्षेत्र में मिलेंगें।'

'यह कृष्ण भी कुछ सोचता ही नहीं कि कोई उसके विषय में क्याा सोचता होगा या सोचेगा। उसे इन निकृष्ट कोटि के चावलों को खाने की क्या आवश्यकता थी? कितना सहज होता कि यदि वह उन चवलों को देखकर कहता कि इनको पक्षियों के लिए डाल दो। अब सुदामा के इन चावलों का इस महल में कोई उपयोग नहीं। परन्तु कृष्ण तो सौ हाथ आगे बढ़ाकर अपने परिवार के सभी सदस्यों को इन चावलों का 'रसपान' कराएगा।', सुदामा देख रहे थे कि कृष्ण प्रत्येक परिस्थिति में कितना सहज रह लेते हैं। परिस्थितियाँ उनसे उनका स्वरूप नहीं छीन पातीं। वे जैसे काल के ऊपर शासन करते हैं।

'तुम स्नान इत्यादि से निवृत्त होकर विश्राम करो, तब तक मैं दाऊ। सेवक आता ही होगा। वह जो कहे, उसे स्वीकार कर मुझे अनुगृहीत करना।' कृष्ण बोले।

कृष्ण ने देखा कि दाऊ बलराम भंडारा तैयार करवा रहें हैं।

'तुम आ गए, श्याम! हम तो समझ बैठे थे कि अब तुम बीस वर्ष पीछे।' बलराम हँसे, 'ऐसा कर, ये शाक–पात इस महापात्र में डालकर तू जा और सुदामा के साथ खेल–कूद।'

'दाऊ, मै। जानबूझकर उसे एकाकी में छोड़कर आया हूँ।' कृष्ण ने शाक का छाल उठाया उसे निहारा। नयन मूँदे। उनके अधर मुस्कुराए और उन्होंने अग्नि पर चढ़े महापात्र में वह थाल उल्ट दिया।

'क्यों?'

'दाऊ, तीन दिन अविराम पद–यात्रा कर सुदामा हमसे भेंट करने आया है। यदि मैं उसके साथ रहता तो वह मारे संकोच के न तो कुछ खा पाता और न ही सो पाता। इस समय का उपयोग, वह विश्राम करने और अपने संकोच को तोड़ने में लगा लेगा।' कृण ने अनेक बड़ी मूलियाँ उठाई और उनके बड़े–बड़े टूकड़े करके महापात्र में डाल दिए।

'मैनें सुना है कि उसकी बहुत ही दीन दशा है।' बलराम उस महापात्र में कड़छी घुमाते हुए बोले। उनका स्वर कोमल और सहानुभूतिपूर्ण था।

कृष्ण कुछ नहीं बोले। अनमने–से कड़छी घुमाते बलराम को देखते रहे।

'तुझे यह क्या हो जाता है रे? मैंने जो पूछा वह तूने सुन लिया या पुनः बोलूँ?' बलराम ऊँचे स्वर में बोले।

'दाऊ!' कृण शून्य में देखते रहे। उनका स्वर यह बता रहा था कि उन्होंनें बलराम की बात पहली ही बार में भली प्रकार से सुन ली थी। उनके स्वर में रहस्य था, 'दीन–हीन यहाँ कौन नहीं हैं?

'मै। तो यह जानतो हूँ कि तू निर्मोही दीन–हीन नहीं हैं।' बलराम ने ठहका लगाया।

'देखा जाये तो सूदामा केवल आर्थिक रूप से दीन–हीन है। परन्तु सामान्य दृष्टि केवल बाहरी आवरण ही देखती है। यदि एक धनी ज्ञान से दीन–हीन है, तो संसार को उसकी दीनता और हीनता कही दिखाई ही नहीं देती, अपितु सेसार उसकी इस हीनता को भी गौरवान्वित करता है। परन्तु सुदामा जैसे को देखकर कोई यह नहीं कहता कि देखो, पंक में पंकज खिला है। पंकज के निकट भी इसलिए नहीं जाना चाहते, क्योंकि कमल के सौर्न्य और सुगन्ध के आकर्षण से कहीं अधिक वे कीचड़ में सन जाने से त्रस्त हैं। सुदामा आत्मा को धनी है, सरलता का प्रतिनिधि है और ज्ञान का भंडार है।'

'तो यह भंडार इतने समय तक कहाँ था? पहले तुम्हारे पास क्यों नहीं आया? जो इस भंडार के शुभागमन पर तुमने भंडारे का आयोजन किया है।' बलराम बोले, 'व्यर्थ इतने दिन कष्ट सहता रहा। पहले आता।'

'समय से पहले कोई कैसे आ सकता है, दाऊ,' कृष्ण ने बलराम के हाथों से कड़छी ले ली और स्वयं घुमाने लगे।

बलराम हँसे और कृष्ण की ओर मुड़े, 'मुझे सूचना मिली कि मेरे निर्मोही श्याम के मन मे सुदामा की दीन–दशा देखकर इतना मोह उमड़ा कि उसके अश्रु बरस पड़े।'

'उसे मोह नहीं कहते, दाऊ! आपके सामने जो शब्द आता है, आप उसी का प्रयोग कर बैठते हैं। कृष्ण के अधरों पर द्वितीया के चन्द्रमा के समान मुस्कान की रेखा खिंची।

'तो क्या कहते हैं?'

'उसे करूणा कहते हैं।' कृष्ण बोले।

'करूणा और मोह में अंतर ही क्या है,' बलराम ने अपने कन्धे उचकाए।

'अंतर तो आकाश ओर पाताल का है; परन्तु मै। आपको बताने नहीं जा रहा।' कृष्ण भंडारे की रसोई से नीचे उतर आए।

'पर तुम मुझे करूणा और मोह का अंतर क्यों नहीं बता रहे,' बलराम के स्वर में जिज्ञासा कम थी, आदेश व हठ की ध्वनि अधिक।

'इसलिए, क्योकि आप पहले ही यह मानकर चल रहे है। कि आप दोनों को ही मानते हैं। जब आपने किसी भी तत्त्व की निष्पत्ति पहले ही निकाल रखी है तो फिर मै। कुछ भी कह लूँ, आप उससे असहमत ही होगें। फिर क्या लाभ अनावश्यक रूप से ऊर्जा व्यय करने का?' कृष्ण ने अपनी स्पष्टवादिता प्रकट की।

'मैने ऐसा कब कहा?'

'आप अपने प्रश्न की भाषा देखिए। आपने कहा कि करूणा और मोह में अंतर ही क्या है? अर्थात आप पहले से ही यह धारणा कर चुके हैं कि दोनों एक तत्त्व हैं। यदि ऐसा नहीं होता तो आपके प्रश्न की भाषा दूसरी होती। आप कहते कि मैं तो करूणा और मोह को आज तक एक ही समझता था। यदि इनमें कोई भेद है तो तुम मुझे बताओ `कृष्ण मुस्कुराए, 'यह भाषा जिज्ञासु की होती है। जिज्ञासु के लिए ज्ञान के द्वार स्वयं खुलते चले जाते हैं।'

'अब तुम्हारी तरह हमारी पकड़ शब्दों पर तो नहीं है। हम तो बस कार्य सिद्ध हो जाए, ऐसी भाषा बोलते हैं।' बलराम ने कृष्ण की बात को गंभीरता से नहीं लिया और कुछ खीजकर बोले तुम शब्दों पर इतना क्यों ठहर जाते हो,'

'मै। निःशब्द पर भी तो ठहर जाता हूँ, आपने उसे क्यों नहीं रेखांकित किया? इसलिए कहता हूँ कि सत्य को खंडों में देखने से जो निर्मित होता है, वह अर्धसत्य होता है।'

'अच्छा, अब बतओ भी के तुम सुदामा की दीन–दशा देखकर क्यों रोए थे? मेरे पास ये ही शब्द हैं, इसलिए इन शब्दों को लेकर वितंडावाद खड़ा मत करना। तुम अच्छी तरह समझते हो की सामने वाला क्या कहना चह रहा।' बलराम ने जैसे कृष्ण को डाँटा, 'मुझे उलझाया मत करो। अन्यथा उसमें उलझकर मुझे बहुत कुछ विस्मृत हो जाता है।'

'पहले आप मेरे अश्रुओं के विषय में जानना चाहेंगें या अर्धसित्य के विषय में या शब्द–चयन और उसके प्रभाव के विषय पर व्याख्यान चाहेंगें? जो आप कहें।' कृष्ण मुस्कुराए।

'तुम फिर वही सब घालमेल करने लगे। मै। सभी विषयों पर तुम्हारें विचार जानना चाहूँगा और इन तीनों विषयों का स्मरण भी तुमको ही रखना है। मै। तो केवल तीन की संख्या स्मरण रखूँगा। पहली बात तुम अपने अश्रुओं की ही बताओ कि बड़े–से–बड़ा दुःख भी तुम्हारे नेत्रों से अश्रु का एक कण नहीं गिरवा पाया और वहाँ झरने बह रहे थे।' बलराम ने जैसे कृष्ण की दुर्बलता को पकड़ने की विजयी मुस्कान के साथ कहा।

'लगभग बीस वर्षों पश्चात् सुदामा मुझसे मिलने आया है, केवल मिलने! वह आया भी किस स्थिति और भावदशा में है! उसके पास अपना कुछ भी नहीं है। वह निर्धनता की पराकाष्ठा पर है। और इस स्थिति में भी सहज होकर मुझ तक आया है। उसने जैसा है, जहाँ है–वैसा स्वयं को मेरे समक्ष लाकर खड़ा कर दिया। उसने अपने में कुछ भी कृत्रिम नहीं जोड़ा, कुछ भी आरोपित नहीं किया। अपने को छिपाने के लिए कुछ भी नहीं ओढ़ा। एक प्रकार से वह निर्वसत्र मेरे सम्मुख उपस्थित हुआ है।

वह देहातीत होकर यात्रा करता रहा। न उसे भूख घेर पाई और न प्यास ही सता पाई। वह एकनिष्ठ हो मेरी ओर बढ़ता ही रहा–अविराम। मार्ग ने उसके लिए अनेक प्रलोभन बिछाए होगें। पर वह किसी अभीप्सा में चलता रहा। उसने उस यात्रा में अपने नियम–तप'व्रत भी त्याग दिए। वह दीन–हीन होकर मेरी शरण में आया है। इसी को भक्त कहते हैं, दाऊ। यही प्रेम है, यही श्रद्धा है।

वह अज्ञात की यात्रा पर निकला। उसके लिए मेरा मिलना या न मिलना, मेरा उसे पहचानना या बिसरा देना, हृदय से लगा लेना या तिरस्कृत कर लौटा देना–यह सब अज्ञात था। वह प्रत्येक स्थिति को स्वीकार कर चला था। परन्तु मुझे प्रत्येक अज्ञात यात्रा ज्ञात होती है। ऐसा अपूर्व प्रेम पाकर तो मेरे आनंदाश्रु रूक नहीं सकते। आपको स्मरण ही होगा कि जब गुरूदेव संदीपनी के आरम में मैं पहली बार सुदामा से मिला था, तभी मैंने उससे कह दिया था कि तुम्हें मैंने अपने कहा। तुम मेरे हुए। मैं तुम्हारा!'

मौन कभी–कभी बाणी से अधिक वाचाल होता है। – महात्मा गांधी

सुखी व आनंदमय जीवन के सूत्र

राज सिंह दहिया

1. याद रखिए यदि आपका पैर फिसलता है तो आप संभल सकते हैं परंतु जुबान फिसल जाए तो यह गहरा घात कर देती है।
2. समय से पहले और समय पर कार्य करने वालों को समय का भी और किसी भी चीज का और कभी अभाव नहीं रहता।
3. जब समय होता है सोचते नहीं, जब सोचते हैं समय निकल चुका होता है।
4. उन्नति उसी की होती है जो प्रयत्नशील है।
5. जो बीत गई, उसे याद न कर। आने वालों का ख्याल न कर। वर्तमान को बरबाद न कर।
6. क्रोध एक अग्नि है जो दूसरे से पहले हमें स्वयं को जला देती है।
7. अपने भाइयों से नहीं अपनी बुराइयों से नफरत कीजिए।
8. प्रातः काल जो नियम से, जाए घूमने रोज।
   बल–बुद्धि दोनों बढ़े, मिटे कब्ज का रोग।।
9. जो व्यक्ति दूसरों की बातें आप से कहता है तो आप निश्चय जानो वह आपकी बात भी दूसरों से कहता होगा, किसी को अपनी दिल की बात न बताओ।
10. विचार करके काम करना बुद्धिमानी है।
    काम करके विचार करना नादानी है।।
11. आलस्य को, आराम को, गुस्से को छोड़ दें।
12. कोयल काको देत है, कागा काको लेत। तुलसी मीठे वचन से, जग अपना कर लेत।।
13. मारना चाहते हो, तो बुरी इच्छाओं को मारो।
14. खाना चाहते हो, तो गुस्से को खाओ।
15. लेना चाहते हो, तो माता–पिता और गुरु का आशीर्वाद लो।
16. देखना चाहते हो, तो अपनी बुराई को देखो।
17. भागना चाहते हो, तो पराई निंदा व पराई स्त्रियों से भागो।
18. तोलना चाहते हो, तो बात को तोलो फिर बोलो।
19. बड़ों के अनुभव से लाभ उठाना ही उनका सम्मान करना है।
20. तीखे और कड़वे शब्द, कमजोर पक्ष की निशानी है।

1. आनंद का पहला नियम स्वास्थ्य है और स्वास्थ्य का पहला नियम व्यायाम है।
2. जो काम अपने को बुरा लगे वह किसी के साथ न करो।
3. यदि सुखी रहना चाहते हो सादा जीवन व्यतीत करो।
4. यदि आप को जीवन से प्यार है तो समय को बरबाद न करो।
5. खुद चमको और दुसरों को चमकाओ।
6. दुनिया में सुख आवश्यकताओं को बढ़ाने में नहीं बल्कि कम करने में है।
7. परेशानियां होते हुए भी कभी परेशान न हों।
8. परमात्मा पूजा का भूखा नहीं, प्रेम का भूखा है।
9. अमीर बनना चाहते हो तो खर्च आमदनी से कम करो।
10. सुंदर वही है जिसके काम सुंदर हैं।
11. बदले की भावना कभी भी न रखें।
12. अच्छा बनो व अच्छा बनाओ।
13. ईश्वर की शरण में जाकर उस पर पूर्ण विश्वास करो।
14. किसी भी स्त्री को अपशब्द न बोलो हमेशा आदर करो।
15. निःष्काम सेवा करके महामृन्तूज्य–मंत्र करना चाहिए।
16. सोच व आहार अच्छा रखो, Life Style अच्छा बनाओ, Do Good Be Good
17. माता–पिता व गुरु का सम्मान व प्रभू का ध्यान रखें।

जिंदगी में खुशी मिलती है अच्छी सोच व अच्छी Feeling हो।

Physical Health is Important.

i. As like as Jogging, Purely Vegetarian
ii. Water Therapy is must morning 2-3 glass of water.
iii. No Tension, No Depression and Emotionally Strong
iv. Wealth is lost, little is lost, Health is Lost Some thing is lost. Best Character is lost every thing is lost.

बड़ों का ध्यान, माता–पिता का सम्मान व भगवान का ध्यान हमेशा रखो। विनम्रता, सेवा भाव संतुष्टी, Patience होनी चाहिए, कम बोलना अपनी जुबान से मीठा बोलना, किसी भी बात को मन में नहीं रखना। तीर से कमान व मुंह से जबान निकलने पर वापिस नहीं आती। चोट का घाव भर जाता है परंतु वाणी का घाव नहीं भरता है।

3 S का फार्मूला : SALT, SUGAR, STRESS आज से ही कम कर दो।

स्वामी चिदानंद जी महाराज (My Guru Says :- SERVE, LOVE, GIVE, PURIFY, MEDITATE AND REALISE)

BE GOOD------------ DO GOOD

1. इच्छाओं व कामनाओं को जितना बढ़ाओगे उतना ही दुःखों का कारण है जितना कम करोगे उतना ही आनंद है। कर्म को प्रधान बनाओ अपने आप सब कुछ मिलता चला जाएगा और कामना कभी खत्म नहीं होती हम ही खत्म हो जाते हैं।
2. शरीर को बीमारी तो ठीक हो सकती है लेकिन मन की बीमारी कभी ठीक नहीं हो सकती है। मन की बीमारी अच्छे सत्संग से, गुरु वचनों से व योगा से ठीक हो सकती है। जीवन में खुश रहने के लिए अच्छी सेहत चाहिए। वर्तमान में जीना सीखो। दुःख को दूसरों को सुनाकर सुख मिलता है।
3. इंसान के पास अच्छी संपत्ति, सम्मान व संतान भी है परुं सुख नहीं है तो सब कुछ अधूरा है। आपको जो भी धन, माया मिलनी है वह जरूर मिलेगी।
4. वासना का उपाय है उपासना, इंद्रीयों को वश में करता है मन और मन को वश में करती है बुद्धि, व बुद्धि को ठीक करती है आत्मा, और आत्मा को वश में करता है परमात्मा।
5. किसी की इज्जत करोगे तो इज्जत मिलेगी।
6. किसी से ईर्ष्या द्वेष व दूसरों की निंदा मत करो। आपस में प्रेम–प्यार व मधूर संबंध रखो। सोच व आहार अच्छा रखो। Life Style को अच्छा बनाएं। गृहस्थ जीवन की गाड़ी दो पहियों से चलती है। आपस में तालमेल व Adjustment ठीक रखनी चाहिए। आपस में विश्वास बनाकर रखना चाहिए।

मुसिबत बताती है कि हम किस मिट्‌टी के बने है। – अज्ञात

बाल विवाह अभिशाप है

HkjpUn tu] ckMej

बाल विवाह हमारे देश की सदियों पुरानी कुरीति बनी रही है। इस कुरीति के पीछे अन्धविश्वास परम्पराऐं, रूढ़ियाँ सहारा बनी हुई है। जिसके कारण अक्सर बाल विवाहों का आयोजन न चाहने के बाद भी सामाजिक कुप्रथा के कारण करने की मजबूरी ने मुंह फैलाये रखा है। बाल विवाह का प्रचलन देश के करीब करीब सभी भागों में कम अधिक की संख्यां में होता हे। जहां शिक्षा का सर्वाधिक प्रभाव के साथ प्रचार प्रसार रहा है वे क्षेत्र बाल विवाह के गुणों की अपेक्षा अधिक दोषपूर्ण समझने के कारण बाल विवाह से बचते जरूर रहे हैं लेकिन फिर भी ऐसा क्षेत्र भी बाल विवाह की चपेट में आते रहे। देश में हरियाणा, मध यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान आदि कुछ प्रदेश तो बाल विवाह के घर बने हए है। जहां बाल विवाह धड़ल्ले से बिना किसी सामाजिक बन्धन एवं कानूनी खौफ न होने के बाद भी होते रहते है। बाल विवाह की बात करें तो बच्चा–बच्ची (लड़का–लड़की) मां के गर्भ में होते है तो उसके मां बाप वैवाहिक सबंध जोड़ देते है। उसके बाद बच्चे का जन्म होने के बाद गोद में उठाकर उसका विवाह रचाया जाता है। बाल विवाह 1 वर्ष से लेकर 12–14 वर्ष की कच्ची आयु में इन्हें विवाह के बंधन में बांध दिया जाता है। भारत में कानून के तौर पर लड़के के विवाह की आयु 21 वर्ष एवं लड़की की आयु 18 वर्ष रखी गई है लेकिन इसके उपरान्त भी इन निर्धारित आयु से कम आयु के बच्चों का बाल विवाहों का दौर थम्मते थम्म नहीं रहा है।

भारत में बाल विवाह करने के कई कारण रहे है। हमारी सामाजिक व्यवस्था में लड़की को बोझ समझा जाता है और उस बोझ से जल्दी से जल्दी मुक्त होने के लिए बचपन में उसकी शादी कर दी जाती है। बचपन में शादी करने पर दहेज कम देना पड़ता है। बच्ची के बड़ी होने पर किसी कारण विरोध करने की स्थिति आवे तो बचपन में उसे विवाह के बंधन में बांधने से भविष्य की आनाकानी संकट से मुक्त हो सके। किसान वर्ग में तो खेती बाड़ी के कार्य से निपटने के बाद अक्सर समय सुविधा को ध्यान में रखकर नन्हे बालक बालिकाओं की शादी रचा देते है। शहरी क्षेत्रों में बच्चों के बड़े होने पर दहेज की मार से बचने के लिए बाल विवाह का जानबूझ कर सहारा लिया जाता है। इसी प्रकार लड़की के लिए लड़का ढूढ़ने की बड़ी उम्र में आने वाली कठिनाईयों से बचने के लिए बाल विवाह करना उपयुक्त समझते हैं। बड़ी उम्र में शादी के लिए लड़के लड़की को देखने के बाद ठुकराने की स्थिति से बचने के लिए बाल विवाह को आसान समझा जाता है। विवाह की समझ पर लड़के–लड़की द्वारा पसन्द नापसन्द की प्रक्रिया से सामाजिक प्रतिष्ठा पर दाग नहीं लगे बाल विवाह को हथियार बना दिया है।

सामाजिक रीति रिवाजों, प्रचलन, कुरीतियों, रूढ़ियों, परम्पराओ अन्धविश्वासों ने बाल विवाह को बढ़ावा दिया है वहां पर बालिका को बड़ी होने पर यौन शौषण से बचाने के लिए बाल विवाह कर बचाने की मां बाप की सोच रही है। इसके उपरान्त एकल शासकीय परिस्थितियों में शासक वर्ग की बदनियत से बचने हेतु, छोटी छोटी बालिकाओं का विवाह रचाने की मां बाप की मजबूरी ने बाल विवाह करने को बाध्य किया है। परिवार में वृद्धअवस्था के दादा दादी की बड़ी हार्दिक इच्छा रहती है कि वे मरने से पहले अपने पोते पोती के हाथ पीले देखना चाहते है। घर में बहू लाने की उनकी तीव्र इच्छा भी बाल विवाह का कारण रही है।

बाल विवाह होने पर बालक बालिकाऐं शारीरिक एवं मानसिक रूप से उत्पीड़ित रहते है वहां कहीं आर्थिक समस्याऐं उन्हें जीवन भर झकझोरती रहती है। दासता उन्हें बचपन से घेर लेती है। इसके अतिरिक्त बाल विवाह के कई दुष्परिणामों से दाम्पत्य जीवन के साथ पारिवारिक समस्याऐं इन्हें सताती रहती है। नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं के खेलने, कूदने, उछलने, मचलने, इठलाने की स्वतंत्रता की उम्र में इनका विवाह करने का अभिप्राय इनके साथ भंयकर खिलवाड़ है। जिसके दुष्परिणाम बाल विवाह के दाम्पत्य जीवन के बंधन में बंधने वाले बालक बालिकाओं की शादी होने पर उन्हें छोटी आयु में मां बाप बनना शारीरिक रूप से दुर्बल, कमजोर कर देता है। ऐसी स्थिति में जवानी आते आते ये बुढ़े नजर आते है। बचपन में होने वाली औलाद भी कमजोर होने के साथ कई प्रकार की बिमारियों से ग्रस्त रहती हैं लेकिन ये परिवार नियोजन की महत्ता को अवश्य ठेगा दिखाती है और आबादी बढ़ाने में अपनी सुधबुध खो देती है।

बचपन में विवाह होने के बाद जब जवानी आती है तो उस समय दाम्पत्य जीवन का अनमेल जीवन की गृहस्थी चलाने में बाधक बन जाता है। जवानी में लडकी पढ़ी लिखी बन जाती है तो उसका पति अनपढ़ एवं व्यसनों से ग्रस्त होता है तो दोनों का जीवन निश्चित रूप से नारकीय बन जाता है। कहीं कहीं लड़का पढ़ लिख कर उच्च स्थान पर

पंहुचता है। उसकी बाल विवाह की पत्नी अंगूठा छाप अर्थात अनपढ़ होती है तो उसका जीवन समस्याओं का पिटारा बन जाता है। इतना ही नहीं बाल विवाह वाली दम्पति में यदि लड़के की मृत्यु हो जाती है और उसकी पत्नी विधवा बन जाती है तो उसे अपने जीवन में कितना तिरस्कार झेलना पड़ता है यदि उसकी गहराई में जायें तो रोगंटे खड़े हो जाते है। जिस जाति में विधवा विवाह नहीं होता है तब वह बालिका जब जवानी की पगढंडी पर चढ़ती है तो उस पर यौन शोषण के काले बादल मंडराने लगते है। बलात्कार का शिकार होती है। उसे मजबूरन बाजारू बनाया जाता है। जिस समाज में विधवा विवाह होते भी है तो उसे समाज में भी बाल विवाह को अपमानित होकर दासता का जीवन जीने के साथ कामवासना का साधन बनना पड़ता है। कभी कभी लड़की अपने पति का मुंह देखे बिना विधवा हो जाती है तो उसका हाल बेहाल हो जाता है।

बाल विवाह होने के बाद जब वह बहू बनकर जिस घर में है तो उसका लिखना पढ़ना तो दूर रहा मनमर्जी से कुछ करने का हक भी खो देती है। सास भी बहू से नौकरानी की तरह कार्य करवाती है और दासता का जीवन जीने को बाध्य करती है। यदि भूल से भी सास के विरूद्ध आवाज उठाने, शिकायत करने, आज्ञा का उल्लंघन करने की हिम्मत की तो शारीरिक मार को भी झेलना पड़ता है। अक्सर बाल्यकाल में बच्चों के विवाद के बाद लड़के का यौन के प्रति झुकाव नहीं होने पर लड़की को ऐसी स्थिति में राह भटकते भी देर नहीं लगती। ऐसी स्थिति में बदनामी से बचने के लिए आत्महत्या का सहारा लिया जाता है या फिर पति एवं उसके परिवार के हाथों मारी जाती है।

बाल विवाह के दुष्परिणामों को देखकर उसे रोकने के लिए भारत सरकार ने कई प्रकार के समय समय पर कानून बनाये। सन् 1860 में इण्डियन पीनल कोड, 1872 में स्पेशल मैरिज बिल, 1891 में एज ऑफ कन्सेंट बिल, 1927 में हिन्दुचाइल्ड मैरिज एक्ट, 1929 में चाइल्ड मैरिज रीस्ट्रेंट एक्ट संशोधन एवं 2006 में दि प्रदि्दबिशन ऑफ चाइल्ड मैरिज एक्ट बना लेकिन इनके बाद भी बाल विवाह रूक नहीं रहे है। इसके पीछे सरकार की शक्ति का अभाव, जन प्रतिनिधियों का नाजायज हस्तक्षेप, प्रचार प्रसार की कमी, जन जागरण का अभाव, समाज सेवियों की शिथिलता, शिक्षा की कमी सामाजिक कुरीतियों को मिटाकर सुधार करने की जागरूकता नहीं होने से बाल विवाह आज भी समाज का अभिशाप बनी हुई है। यदि बच्चों को सुखी एवं समृद्धशाली जीवन बिताने के लिए योग्य और सक्षम बनाना है तो बाल विवाह को कड़ाई से बंद करने एवं करवाने की पहल सभी स्तरों से करनी होगी।

जाट गौरव सिद्धाचार्य जसनाथ जी

jkd's'k ljkgk

चौदहवीं व पन्द्रहवीं शताब्दी में जिस समय राजस्थान में धन्ना, पीपा आदि संतों के द्वारा रामानन्द, कबीर व रैदास से प्रभावित होकर ध ार्मिक क्षेत्र में एक नई निर्गुण विचारधारा को जन्म दिया जा रहा था उसी समय वहां मुसलमानों के प्रभाव का दौरा भी अपनी चरम सीमा पर था ऐसे में राजस्थान में कुछ ऐसे राजस्थानी संत हुए जो हिन्दू व मुसलमान विचारधारा के बीच सामांजस्य स्थापित करने के लिए प्रयासरत थ। ऐसे संतों में गुरू जाम्भेजी व सिद्ध जसनाथ जी प्रमुख थे जिन्होंनें हिन्दू व इस्लाम में प्रचलित आउम्बरों व रूढ़ियों का खण्डन कर जनता को धर्म के वास्तविक रूप को समझाने का प्रयास किया सिद्ध जसनाथ जी राजस्थान के महान सामाजिक–ध ार्मिक सुधारक थे वे न केवल सुधारक थे बल्कि समन्वयकारी संत भी थे इन्होंने समाज के नैतिक स्तर को ऊपर उठाने का सफल प्रयत्न किया तथा हवन, योग्याभास ओर नाम–स्मरण को आपसी साधना पद्धति में स्थान देकर वैष्णव धर्म, नाथ पंथ और उस समय में प्रचलित अन्य सम्प्रायों के सिद्धांतों का समन्वय किया। सिद्ध जसनाथ जी ने समाज के नैतिक स्तर को ऊपर उठाने के लिए अंहिसा, सदाचार, उपासना तथा शुद्धि आदि के बारे में कुछ आवश्यक निर्देश भी दिये और अनुयायियों के लिए कुछ नियमों का पालन करना भी अनिवार्य ठहराया था। इस प्रकार सिद्ध जसनाथ जी ने आदर्श समाज के निर्माण हेतु प्रयत्न तो किया ही साथ ही जन साधारण के लिए मुक्ति का सरल और व्यवहारिक मार्ग भी प्रस्तुत किया। सिद्ध जसनाथ जी का सम्प्रदाय आज भी जीवित है और उनके अनुयायी आज भी उनके द्वारा प्रतिपादित नियमों का पालन करते हुए देखे जा सकते हैं।

सिद्ध जसनाथ जी काा जन्म विः सवंत 1539 कार्तिक शुक्ला एकादशी शनिवार के दिन कतरियासर नामक गांव (बीकानेर के पास) में हुआ था यह हमीर जी नामक जाणी जाट और उसकी पत्नी रूपादे के पोष्य पुत्र थे ये हमीर जी को जंगल में डाबले तालाब पर पड़े मिले थे माता–पिता ने दनका नाम जसंवत रखा जब ये दस वर्ष के तब इनकी सगाई सम्बन्ध चूलीखेड़ा (हरियाणा) ग्राम के निवासी नेपाल जी बेनिवाल की पुत्री काललदे के साथ हो गयी परन्तु इन्होंने विवाह से पहले ही साधना मार्ग को अपना लिया। सिद्ध जसनाथ जी की शिक्षा के बारे में कोई स्पष्ट विवरण उपलब्ध नहीं है और ना ही इनके दीक्षा गुरू के बारे में पता चलता है जसनाथ जी ने गौरखमालिया नामक स्थान पर 12 वर्ष तक तप किया एवं अपने सम्पर्क में आने वाले व्यक्तियों का जीवदया तथा आतम चिंतन का उपदेश दिया। जिसमें बमलू गांव के हारोजी व लालमदेसर के जियोजी का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। सिद्ध जसनाथ जी ने लोहापागंला नामक तान्त्रिक का अभियान चूर किया था। इन्होंने राव लूणकरण को बीकानेर राज्य की गद्दी प्राप्ति का वरदान भी

दिया तथा राव धडसी का अभिमान चूर कर उसे ज्ञान प्राप्ति का उपदेश दिया। इन्होंने सर्वप्रथम सारण चौधरी को धर्मों पदेश भी दिया था जिसमें धर्म पालन के 36 नियम बताये थे। सिद्ध जसनाथ जी ने ईश्वर, सृष्टि, संसार, मोक्ष, कर्म आदि पर अपने विचार प्रकट किये तथा मोक्ष प्राप्ति हेतु इन्होंने निगुर्ण ओर निराकार ईश्वर की उपासना करने पर बल दिया। सृष्टि उत्पति के सम्बन्ध में इनका कहना है कि सर्वप्रथम निराकार ओंकार था उससे ईश्वर साकार हुए। उन्होंने प्रथम आकाश, वायु, अग्नि, जल तथा पृथ्वी इन पांच तत्वों को प्रकट किया। उसके पश्चात चन्द्रमा, सूर्य, ब्रहा, महादेव व आधारशक्ति का सृजन किया और उसके पश्चात समस्त सृष्टि का निर्माण हुआ। सिद्ध जसनाथ जी का कर्मवाद पर पूरा विश्वास था इस सम्बबन्ध में उनका कहना है कि हे प्राणी तुझे निश्चित ही अपनी करनी का फल भोगना पड़ेगा इसलिए तू भूलकर भी उस परम पिता परमात्मा को दोष मत देना क्योंकि तेरे किये कर्म ही तेरे सामने आयेंगें। मोक्ष प्राप्ति के लिए जसनाथ जी ने गुरू के निर्देशन को अनिवार्य माना है। इस सम्बन्ध में उनका कहना है कि गुरूदेव के वचनों का पालन करने से पापों का अन्त हो जाता है और तत्व–ज्ञान की प्राप्ति हो जाती है। साधाना पद्धति के अन्तर्गत जसनाथ जी ने ईश्वर का नाम–स्मरण और योग साधना पर बल दिया और इन्हें ईश्वर प्राप्ति का साधन बताया। सिद्ध जसनाथ जी एक ईश्वर में विश्वास रखते थे और मूर्तिपूजा के विरोधी थे उन्होंने समाज के नैतिक स्तर को ऊपर उठाने के लिए व्यक्ति के आचरण की शुद्धता पर बल दिया। उन्होंने समाज सुधार के लिए अपने अनुयायियों के लिए 36 नियम प्रतिपादित किये थे जिसका पालन करना अनुयायियों के लिए अनिवार्य किया था जो निम्न प्रकार से हैं :–

1. उत्तम कार्य करना 2. ऐसे मार्ग पर चलना जिससे स्वधर्म का पालन हो 3. भूखे मरने पर भी किसी जीव का भक्षण ना करना 4. उत्तम तथा स्वच्छ ढंग से माथे पर केश रखना 5. प्रात काल स्नान करने के उपरान्त ही भोजन करना 6. शील धर्म का पालन करना सदाचार तथा संयम रखना 7. प्रात व सांय काल में संध्या एवं ईश्वर का चिंतन करना 8. अग्नि पूजा के साथ होम जाप (हवन) करना 9. आपदेव की पूजा अराधना ना करना अर्थात एक ईश्वर के अतिरिक्त भैरव, भोमिया पितर, पीर, भूत–प्रेतादि कल्पित देवों की पूजा ना करना 10. उचिछष्ट मुख से अग्नि में फूक ना मारना 11.दुध तथा पानी को वस्त्र से छानकर परना 12. प्रत्येक स्थिति में जीव की रक्षा करना 13. राम गुणगान व शिव का चित में ध्यान करना 14. मोक्ष प्राप्ति का मार्ग ढूंढ़ना 15. कन्या विक्रय न करना, कन्य का धर्म विवाह करना 16. ब्याज प्रतिब्याज ना लेना 17. गुरू द्वारा दीक्षित होना, गुरू से स्वधर्म की दीक्षा लेना 18. आय का बीसवां हिस्सा परमार्थ में व्यय करना 19. हुक्का, चिलम, बीड़ी, तम्बाकु, भांग व लहसुन का सेवन ना करना 20. साटियों से सौदा ना करना अर्थात उनसे पशु आदि का आदान प्रदान ना करना 21. वन्य प्राणी हरिण आदि पशु पक्षियों की रक्षा करना 22. बैल–बछड़ों को बधिया (खस्सी) व सूईसार ना करवाना 23. मन में दया भाव रखना 24. पशु–शालाऐं बनवाकर गाय, बकरे तथा मींडे की कसाई के हाथों से रक्षा करना 25. अतिथि का सत्कार करना 26. व्यर्थ का वाद–विवाद ना करना 27. मन, वचन सये किसी की निन्दा ना करना तथा कपट व परस्त्रीगमन का परित्याग करना 28. चोरी–जारी दुष्कर्मों का मन, वचन और कर्म से त्याग करना 29. रजस्वला स्त्री को पांच दिन तक अस्पृश्य मानना 30. मदीपान ना करना 31. मास ना खाना 32. जन्म और मरण पर 10 दिन तक सूतक मानना 33. कुल निन्दा ना करना 34. दुराचारियों की संगती से बचना 35. आसन में नियम से पक्षियों को चुग्गा–पानी देना 36. जसनाथ जी के अनुसार मृतक को पुण्य भूमि में समाधी देनी चाहिए उन्होंने अंतिम संस्कार के लिए भूमि–समाधि को उत्तम माना है।

इस प्रकार सिद्ध जसनाथ जी ने समाज के नैतिक स्तर को ऊपर उठाने के लिए एक आदर्श समाज की स्थापना के लिए अपने अनुयायियों के लिए 36 नियम निर्धारित किये तथा जसनाथी संप्रदायी की विधिवत स्थापना की तथा उन्होंने लालमदेसर मगेरे वाला (बीकानेर) के चौधरी रामजी सारण को सम्प्रदाय में सर्वप्रथम दीक्षित किया तथा उसे ही सर्वप्रथम 36 धर्म नियमों का उपदेश दिया उसके पश्चात बहुत से लोगों (जाटों) ने जसनाथी सम्प्रदाय में दीक्षा ग्रहण की। अन्त में वि. सवंत 1563 की अश्विन शुक्ल सप्तमी शुक्रवार को सिद्ध जसनाथ जी ने समस्त सेवक समुदाय को यथोचित आदेश देकर 24 वर्ष की अवस्था में ही गांव कतरियासर (बीकानेर) में जीवित समाधी ले ली। कुछ समय बाद इनकी अविवाहित पत्नी काललदे ने भी कतरियासर से पूर्व की ओर एक मील दूर जीवित समाधि ले ली, जहां पर इन दोनों महान आत्माओं की बॉडी बनी हुई है। इस सम्प्रदाय की प्रमुख गद्दी कतरियासर गांव में है। जसनाथ जी के समाधि लेने के पश्चात इनके प्रमुख शिष्य जागोजी इस गद्दी पर बैठे इस तरह जसनाथ जी के पूनरासर में, टोडर जी ने मालासर में तथा बोयत जी ने पाचलां सिद्ध में अपने स्थान (पीठ) स्थापित किये जो इस सम्प्रदाय की उप–पीठे कहलाती है। इस प्रकार जसनाथी सम्प्रदाय की प्रधान पीठ कतरियासर में तथा 5 पीठे उपरोक्त स्थानों पर है जो इन पीठों की गद्दी पर बैठते हैं। वे सिद्ध कहलाते है इसके अलावा इस सम्प्रदाय में 84 बाडियां प्रसिद्ध है। जो अलग–अलग स्थानों पर बनी हुई है। इस सम्प्रदाय को मानने वाले दो प्रकार के लोग है। पहला वर्ग 'सिद्ध' नाम से पुकारा जाता है तथा दूसरे वर्ग में जसनाथी जाट कहलाते है। इन दोनों वर्गों की मानरूता और धर्म पालन की परिपाटी एक सी है सिद्ध वर्ग के लोग सिर पर भगवे रंग की पगड़ी बाधते हैं तथा जसनाथी मन्दिरों की पूजा–अर्चना का कार्य सम्भालते है। जसनाथी जाट साधारण वेशभूषा में ही रहते है। इस सम्प्रदाय के अनुयायी अधिकांश जाट ही है तथा इस सम्प्रदाय में कतरियासर (बीकानेर जनपद में) ग्राम जसनाथ्ज्ञियों का मुख्य धाम है तथा वहां पर स्थित बाफडी, गोरखमालिया और तालाब को पुण्य भूमि का महत्व देकर उन स्थानों की यात्रा मंगलकारी मानी जाती है। यहां पर साल में तीन बार अश्विन शुक्ला सप्तमी और चतुर्थी, चैत्र शुक्ल सप्तमी और चतुर्थी तथा माघ शुक्ला सप्तमी और चतुर्थी को बड़े मेले लगते है तथा जसनाथी यहां आकर सिद्ध जसनाथ जी व सती माता काललदे की समाधि पर धोक मारते है इस दौरान प्रात काल से सांयकाल तक धृत मिश्रित सुगान्धित द्रव्यों का हवन होता रहता है और रात को जागरण व अग्नि नृत्य धूमधाम से किया जाता है। प्रत्येक जसनाथी के लिए कतरियासर गठ जोड़े की यात्राा करनी अनिवार्य होती है। आज भी अपने धर्म (सम्प्रदाय) का पालन करते हुए देखे जा सकते है इस सम्प्रदाय के अनुयायी अधिकांश जाट ही है जो जसनाथी जाट कहलाते है जसनाथी जाटों व गैर जसनाथी जाटों के सामाजिक सम्बन्धों में कोई रूकावट नहीं है तथा आज भी दनमें वैवाहिक सम्बन्ध तथा रिश्तेदारियां बहुत मजबूती से कायम है। सिद्ध जसनाथ जी द्वारा दिखाये गये मार्ग व नियमों का पालन करके प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन के उद्देश्य को प्राप्त कर सकता है। सिद्ध जसनाथ जी जाट समाज से सम्बन्धित होना समस्त जाट समाज के लिए गौरव की बात है।

जय जाट

I rchj flag /ku[kM

हमें गर्व है कि हम है जाट,
न्यायप्रिय, सघंर्षशील और दयालू होता है जाट
J से Justice (न्याय) के लिए,
A से Action (सघंर्ष) करता है जाट,
T से Truth सच्चाई के लिए, आखिरी दम तक लड़ता है जाट,
हमें गर्व है कि हम है जाट! न्यायप्रिय संघर्षशील..................

भारत की रक्षा करती,
बार्डर पर रजमैन्ट जाट,
दुश्मनों के छक्के छुड़ाने वाले,
परमवीर चक्र विजेता थे शहिद ब्रिगेडियर होशियार सिंह
जाट, एक मात्र परमवीर चक्र विजेता जीवित
वो भी है मेजर होशियार सिंह सिसाने के जाट,
भारत की रक्षा की कमान सम्भाल रहे,
जनरल दलवीर सिंह सिहाग भी है जाट,
हमें गर्व है कि हम है जाट, न्यायप्रिय, सघंर्षशील.........

एशियाड, कामनवेल्थ गेम हो या ओलम्पीक,
मैडलों के ढ़ेर लगाते है जाट,
सारा भारत एक तरफ और एक तरफ है अकेला जाट,
क्रिकेट के मैदान में भूचाल आ जाये,
जब खेले विरेन्द्र सहवाग जाट,
चन्दगी राम व सतपाल महाबली हुए,
अब ग्लासगो (U.K) 2014 कामनवैल्थ में डंका बजा रहे,
विजेन्द्र सिंह व सुशील कुमार जाट
हमें गर्व है कि हम है जाट, न्यायप्रिय, संघर्षशील...........

प्रधानमंत्री चौ. चरणसिंह व उप–प्रधानमंत्री चौ. देवीलाल ग्रह
मन्त्री, लोकसभा अध्यक्ष व मुख्यमन्त्री बने है जाट न्यायधीश
और रक्षा मन्त्री तो पैदायशी होते हैं जाट
हमें गर्व है कि हम है जाट, न्यायप्रिय, संघर्षशील................

छोटा नौकर हो या मुखिया,
जाट से कटते हैं कुछ नकली जाट
इसी कमी में अरज बन्द है पिंजरे में एक शेर जाट,
जब पिंजरे से दहाड़ लगाता,
बड़े–बड़ों की नींद उड़ा दे खड़ी कर देता है खाट।
पिंजरा खुलने में देर नहीं है बस थोड़ी सी देखो बाट,
हमें गर्व हे कि हम है जाट, न्यायप्रिय, सघंर्षशील आरै.........

फाईल पर कभी J लिखा जाता था।
तब प्रमोशन व नौकरी से कट जाता था जाट,
Justice होना जब बन्द हुआ Action पर उतर आया जाट,
Truth पर चल कर आरक्षण लिया,
J लिखने वालों का गया, बंट बाज।
एक ने धर्म बदल कर जान बचाई
Dy-CM. के पद की इज्जत को कर दिया बाराबाट
दुसरे ने B.J.P की खाट तोड़ दी फिर भी घर का रहा न घाट
जाटों से टकराने वालों का हो जाता है सुफड़ा साफ,
हमें गर्व है कि हम है जाट, न्यायप्रिय, सघंर्षशील............

हरियाणा पुलिस के पद के मुखिया पर रहकर पुलिस भर्ती
की लादी बाढ़ फिर जाट सभा को चार चांद लगाए।
जिस पर जाटों को गर्व है, वो है आई.पी.एस. (रिटायर्ड)
डा. महेन्द्र सिंह मलिक जाट, हमें गर्व है कि हम है जाट,
न्यायप्रिय, संघर्षशील और दयालू।

सारी दुनिया भारत से कटती
हरियाणा से कटता सारा भारत,
हरियाणा में सोनीपत से कटते
सोनीपत में सब जिससे कटते, वो सरीफ जात जाट,
ऊपर से नीचें ते कटता–2 कट रहा
फिर भी नहीं घबराता है जाट
लंदन (U.K) में बैठा कविता लिख रहा
सतबीर सिंह धनखड़ सोनीपत का जाट
हमें गर्व है कि हम है जाट, न्यायप्रीय, सघंर्षशील और दयालू
होता है जाट

जय–जाट

जीवन में सुखी व दुखी होने के कारण

Jherh n'kuk noh jktu

पहले सुख को तलाशें और निम्न दस नियम अपनाएँ

1. **काम में सदैव व्यस्त रहना।**
2. **कम से कम बोलना।**
3. **बिना बोले सोचना**
4. **अपनी गलती स्वीकार करना।**
5. **पहले लिखना बाद में देना।**
6. **व्यवहारिक व सांसरिक बनना।**
7. **राय सब की लेना, निर्णय अपना लेना।**
8. **सबका सम्मान करना।**
9. **बिना जरूरत खरीददारी न करना।**
10. **पहले सोचना, पीछे बोलना**

दुखी रहने के दस कारण

1. **देर से सोना, देर से उठना।,**
2. **लेन–देन का हिसाब न रखना।**
3. **किसी के लिउ कुछ न करना।**
4. **हमेशा अपने लिए ही सोचना।**
5. **अपनी ही बात को सत्य मानना।**
6. **किसी का भी विश्वास न करना।**
7. **बिना कारण झूठ बोलना।**
8. **कोई भी काम समय पर नहीं करना।**
9. **बिना मांगे सलाह देना।**
10. **भूतकाल के सुख याद करना।**

अनुशासन ही जीवन में सब कुछ दिलाता है। पाठकों अनुशासित हो जाओ सुखी जीवन बिताओ।



We Are Proud of

Ms. Dinaz Malik daughter of Col. Dalbir Singh Malik and Mrs. Rammi Malik, life member of Jat Sabha Chandigarh/Panchkula & a student of Computer Science & Engineering of P.E.C University of Technology was selected from her campus for 6 months internship at American Express in her 3rd year of Engineering. During these 6 months she was made to work in the American Express Technology field where she maintained the banking software of the Company. Impressed by her hard work and performance over this course, the Company gave her a "Pre-Placement Order" which meant that they had now officially hired her as an Employee. She will join American Express after her graduation is completed in June, 2015.

All the members of Jat Sabha Chandigarh/Panchkula congratulate Dinaz Malik for her grand success and pray to Almighty God for her continuous sublime success and a bright career in all time to come as well.

सम्पादक मंडल

संरक्षक : डा. एम.एस. मलिक, आई.पी.एस. (सेवानिवृत)
सम्पादक : श्री गुरनाम सिंह, आई.एफ.एस. (सेवानिवृत)
सह–सम्पादक : डा॰ राजवन्तीमान
साज सज्जा एवं आमुख : श्री आर. के. मलिक
प्रकाशन समिति : श्री बी.एस. गिल, मो॰ : 9888004417
श्री जे.एस. ढिल्लो, मो॰ : 9416282798
वितरक : श्री प्रेम सिंह, कार्यालय सचिव, जाट भवन, चण्डीगढ़

जाट भवन 2–बी, सैक्टर 27–ए, चण्डीगढ़
फोन : 0172–2654932 फैक्स : 0172–2641127
Email : jat_sabha@yahoo.com

मुद्रक प्रकाशन एवं सम्पादक गुरनाम सिंह ने जाट सभा, चंडीगढ़ के लिए एसोशियटिड प्रिन्टर्ज़, चंडीगढ़, फोन : 0172–2650168 से मुद्रित करवा कर जाट भवन, 2-बी, मध्यमार्ग, सैक्टर 27-ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित किया ।